वर्ष 1 - अंक 44
गुरुवार 16 जनवरी 2025- कुल पृष्ठ - 4
RNI - NO. MPHIN/2015/64585

# रणजीत टाइम्स

ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए

# बदल गया बीजेपी का संविधान

## चार साल पहले आए जसमंत जाटव बन गए शिवपुरी जिलाध्यक्ष

रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)

**ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी जसमंत जाटव को शिवपुरी जिलाध्यक्ष बनाया गया है। जसमंत जाटव पहले कांग्रेस के विधायक थे। उन्हें बीजेपी में आए हुए अभी चार साल भी नहीं हुए हैं। वहीं, बीजेपी जिलाध्यक्ष के लिए शर्त है कि छह साल से व्यक्ति पार्टी का सक्रिय सदस्य हो। भोपालः मध्य प्रदेश में बीजेपी जिलाध्यक्षों की सूची आने लगी है।**

अभी तक 20 जगहों के लिए जिलाध्यक्षों की घोषणा हो गई है। जल्द ही अन्य जगहों के नाम की घोषणा हो जाएगी। जिलाध्यक्षों के नाम की सूची जारी होने के बाद सबसे ज्यादा शिवपुरी की चर्चा हो रही है। शिवपुरी में जसमंत जाटव को बीजेपी का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इनके नाम की चर्चा इसलिए हो रही है कि इनके बीजेपी का संविधान बदल गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी हैं जसमंत जाटव दरअसल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना शिवपुरी से सांसद हैं। वह अपने क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रहते हैं। साथ ही उनके गढ़ में उनसे जुड़े लोगों का बोलबाला रहता है। जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में यह देखने को मिला है। शिवपुरी जिले का जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव को बनाया गया है। जसमंत जाटव ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी हैं। 2018 में वह कांग्रेस के विधायक थे। मार्च 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ वह बीजेपी में आए थे। छह साल से सक्रिय सदस्य होना जरूरी

बीजेपी में आने के बाद जसमंत जाटव को उपचुनाव में टिकट मिला था। उपचुनाव वह हार गए थे। वहीं, बीजेपी जिलाध्यक्ष होने के लिए जरूरी शर्त यह है कि आप छह साल से पार्टी के सक्रिय सदस्य हो। जसमंत जाटव मार्च 2020 में आए थे। ऐसे में उन्हें पार्टी में आए हुए चार साल से अधिक का वक्त हुआ। कथित रूप से



ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी होने की वजह से पार्टी ने उन्हें जिलाध्यक्ष के पद से नवाज दिया। अब सियासी गलियारे में यह चर्चा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए पार्टी के संविधान को शिथिल कर दिया गया है। गौरतलब है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया जब बीजेपी में आए थे तो उनके साथ करीब 20 से अधिक कांग्रेस विधायक भी आए थे। बीजेपी में शामिल होने के बाद उन सबकी सदस्यता चली गई थी। इसके बाद उपचुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट दिया था। उनमें से कई लोग हार गए थे। इसके बाद इन लोगों को अन्य जगहों पर समाहित किया गया था।



## गोपाल मंदिर को मेरिज हॉल बनाने के विरोध मे यादव समाज ने गोपाल मंदिर का ग्यारह पंडितों के साथ मंत्रोच्चार द्वारा शुद्धिकरण किया



आदित्य शर्मा, 8224951278

सहसंपादक रणजीत टाइम्स

### यादव समाज को कुचलने के प्रयास का खुला विरोध किया जाएगा

**इंदौर।** गोपाल मंदिर को मेरिज हॉल बनाने के बाद यादव समाज में ज़बरदस्त आक्रोश हैं। संक्रांति पर्व पर यादव समाज ने राजबाड़ा स्थित अहिल्या प्रतिमा पर माल्यार्पण करके यादव समाज ने प्रार्थना करके भगवान श्री कृष्ण गोपाल मंदिर को अशुद्ध करने वालों को सदबुद्धि प्रदान करें।

गोपाल मंदिर का शुद्धिकरण ग्यारह पंडितों के साथ यादव समाज ने मंत्रोच्चार के साथ गंगाजल छिड़ककर किया। म.प्र.कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एंव यादव अहिर सेना प्रमुख राकेश सिंह यादव तथा पिछड़ा वर्ग अध्यक्ष एंव यादव महासमिति के प्रदेश सचिव हिमांशु यादव ने बताया की गोपाल मंदिर में अवैध आयोजन की अनुमति एक मंत्री के दबाव में इसलिए जारी की हैं की यादव समाज और भगवान श्री कृष्ण को अपमानित करके प्रदेश के मुख्यमंत्री को खुली चुनौती देना मकसद हैं।

सत्ता पक्ष के कुछ लोगों को प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में यादव समाज का व्यक्ति स्वीकार नहीं हैं। इसलिए इंदौर में लगातार यादव समाज को अपमानित करने का प्रयास विभिन्न घटनाओं के माध्यम से किया जा रहा हैं।

इस सारे घटनाक्रम की जानकारी मुख्यमंत्री को सबूतों से सहित दी गई हैं।गोपाल मंदिर कांड में शामिल सभी ज़िम्मेदारों के खिलाफ एफ़आइआर दर्ज की जाना चाहिए। यादव समाज ऐसी गतिविधियों और साज़िशों का पुरज़ोर विरोध पूरी ताक़त से करता रहेगा। गोपाल मंदिर के शुद्धिकरण अभियान में यादव समाज के बंधु बड़ी संख्या में शामिल हुए।यादव समाज के प्रमुख बंधु एंव गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। सर्व रमेश यादव जी उस्ताद, प्रवेश यादव, अनिल यादव, हिमांशु यादव, प्रदीप यादव, गट्टू यादव, सचिन यादव, सुभाष यादव, जितेंद्र यादव, मनोज यादव, संतोष यादव, संदीप यादव, धर्मेंद्र यादव, विनय यादव श्याम यादव, रवि यादव, रंजीत यादव, राजू यादव, कनहिया यादव, बच्चा यादव संजय यादव, अभय यादव ऋषि यादव, रुद्रंश यादव प्रिंस यादव, कृष्णा यादव, तेज प्रकाश राणे, मनीष मोदी, मयंक, धूर्त दीप, यश, सुनील, अंकित टटू, रोहन, कृष्ण साध्वनि,अनिल शिंदे, मनोज सावलिया सहित अनेक बंधु उपस्थित रहें। यादव समाज इंदौर

# शिवसेवक समित ने बैठक कर की आगामी तैयारियों पर चर्चा

**बारादेवी चौराहे पर राहगीरों को वितरित की गई गर्म चाय एवं बिस्किट**

**रणजीत टाइम्स (संवाददाता)**

**इंदौर। शिवसेवक समित के द्वारा बारादेवी चौराहे स्थित कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया अध्यक्षता प्रेसिडेंट रत्नेश वर्मा शीलू के द्वारा की गई। बैठक में पहुंचे पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया का अंग वस्त्र तथा गर्म शाल सहित मल्यार्पण कर स्वागत रत्नेश वर्मा ने किया।**

बैठक के उपरान्त शिव सेवक समिति के द्वारा राहगीरों को चाय और बिस्किट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजन में लगभग 2000 लोगों ने गर्म चाय का आनंद लिया। पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया ने समिति के द्वारा




किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वह हर क्षण समिति के साथ है।

उन्होंने कहा कि पवित्र अमरनाथ में कानपुर नगर का नाम समिति ने अपने नेक कार्यों एवं सेवा समर्पण के द्वारा दी जा रही सेवाओं के कारण ही किया है। समिति का सहयोग नगरवासियों को अवश्य करना चाहिए। अध्यक्ष रत्नेश वर्मा ने कानपुर वासियों को आगामी पवित्र यात्रा में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। इस दौरान मुख्य रूप से अध्यक्ष रत्नेश वर्मा शीलू उपाध्यक्ष आलोक कुमार वाइस प्रेसिडेंड अनिल चतुर्वेदी कमल वर्मा एन सी कटियार अमित वर्मा परशुराम शुक्ला अनुज यादव सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

**पत्रकार लोकेंद्र सिंह थनवार लगातार छठी बार अध्यक्ष चुने गए**

## मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इंदौर जिला इकाई की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का नवगठन

**रणजीत टाइम्स अनिल चौधरी**

**इंदौर।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ इंदौर जिला इकाई की 21 सदस्यीय कार्यकारिणी का नवगठन प्रांताध्यक्ष श्री शलभ भदौरिया ने किया। भोपाल में इसकी घोषणा प्रदेश कार्यकारी महासचिव सत्यनारायण वैष्णव ने की। नवगठित कार्यकारिणी सदस्यों में वरिष्ठ पत्रकार लोकेंद्रसिंह थनवार लगातार छठी बार अध्यक्ष चुने गए। उपाध्यक्ष - वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण जोशी, खन्नू विश्वकर्मा, श्रीमती सरिता शर्मा, हेमंत व्यास, महासचिव - राजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष कल्याण सिंह चांदना,



लोकन्द्र सिंह थनवार अध्यक्ष | प्रवीण जोशी उपाध्यक्ष | सरिता शर्मा उपाध्यक्ष

सचिव - संजय जोशी, अशोक शर्मा, शालिनी शर्मा, हेमराज यादव, संयुक्त सचिव- रामकिशोर लोवंशी, देवेंद्र कुमार साहू, शुभम अग्रवाल और अनिल चौधरी(रणजीत टाइम्स) मनोनीत किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में अर्जुनसिंह राजपूत, सुधीर वर्मा, दिनेश देशमुख, सुल्तान किरमानी, मुरली खंडेलवाल और मुनेंद्र शर्मा का मनोनयन किया गया।




---

## केंद्रीय जेल इंदौर में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार केथ साहब

**रणजीत टाइम्स अनिल चौधरी**

**इंदौर।** उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर से न्यायमूर्ति श्री विवेक रूसिया साहब जिला कलेक्टर श्री आशीष सिंह एडिशनल सी.पी. श्री अमित कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण जेल भ्रमण पर आए भ्रमण के दौरान न्यायाधीश महोदय ने विभिन्न बे रकों में जाकर सजाया आपका बंदीया से समस्याओं को लेकर वार्तालाप किया माननीय न्यायाधीश ने जेल चिकित्सालय का भी निरीक्षण किया तत्पश्चात महिला बंदनियों कौशल प्रशिक्षण के लिए केंद्रीय जेल इंदौर में नवनिर्मित महिला हथकरघा केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया




तत्पश्चात मुख्य न्यायाधीश एवं अतिथिगण केंद्रीय जेल इंदौर के सभागार में आयोजित समारोह में सम्मिलित हुए जिसमें केंद्रीय जेल अधीक्षक श्रीमती अलका सोनकर द्वारा माननीय अतिथि गणों को केंद्रीय जेल इंदौर से परिचित करवाया अपने मुख्य उद्बोधन में माननीय न्यायाधीश ने केंद्रीय जेल इंदौर की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन अप जेल अधीक्षक संतोष लड़िया द्वारा किया गया इस अवसर पर उप अधीक्षक श्रीनागर श्री रघुवंशी वरिष्ठ परीक्षाओं कल्याण अधिकारी अभिषेक दांगी की उपस्थिति रही।

# एक पिकअप में ठूंस-ठूंसकर भरे थे 80 लोग

## पवा के धार्मिक मेले से लौट रहे थे राजस्थान के श्रद्धालु, शिवपुरी पुलिस ने पकड़ा





**रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)**

शिवपुरी में यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वाला मामला सामने आया है। यहां पवा के धार्मिक मेले से लौट रहे राजस्थान के श्रद्धालुओं को एक पिकअप में खतरनाक तरीके से भरकर ले जाया जा रहा था। पोहरी थाना प्रभारी रजनी चौहान ने जब वाहन को रोककर जांच की, तो चौंकाने वाला दृश्य सामने आया। जांच में पता चला कि वाहन में बच्चों समेत 80 यात्री ठूंस-ठूंसकर भरे गए थे।

सभी यात्री राजस्थान के कस्बाथाना स्थित पाटई गांव के रहने वाले थे। थाना प्रभारी ने वाहन चालक को कड़ी फटकार लगाई और समझाया दी कि उसकी इस लापरवाही से कितनी जान का जोखिम है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर कोई दुर्घटना हो जाती तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह चालक की होती। इसके बाद पुलिस ने यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें दो समूहों में बांटकर उनके गंतव्य तक भेजा। थाना प्रभारी ने इस घटना का वीडियो जारी कर आम जनता से यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है।




## चाइना डोर की चपेट में आने से 20 वर्षीय युवक मौत



घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र की हिमांशु पिता संजय सोलंकी निवासी मनावर कल साम अपने मित्र के साथ विनोद के साथ मोटर सायकल से गैस की टंकी लेने जा रहा था तभी चाइना डोर की चपेट में आ गया । मृतक हिमांशु महू के भैरुलाल पाटीदार कालेज में द्वितीय वर्षा का छात्र था।

# 15 लाख की ड्रग्स

## के साथ धराया तस्कर: शिवपुरी में 74 ग्राम स्मैक बरामद, आरोपी पर गुना में भी केस दर्ज




**रणजीत टाइम्स (ऋषि गोस्वामी)**

शिवपुरी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। देहात थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मरघटखाना रोड स्थित पुलिया के पास से आरोपी कुलदीप उर्फ संदीप उपाध्याय को पकड़ा। आरोपी के पास से 74.30 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी कीमत बाजार में लगभग 15 लाख रुपए तक है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रत्नेश सिंह यादव के अनुसार, आरोपी ग्राम गोपालपुर का रहने वाला है और पिछले तीन वर्षों से स्मैक की तस्करी में संलिप्त है। जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ गुना जिले के चाचौड़ा थाने में भी स्मैक तस्करी का मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है ताकि नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार में शामिल अन्य लोगों का पता लगाया जा सके और नशे के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया जा सके।

इंतजार खत्म!

# खुल चुकी है माता वैष्णो देवी की पुरानी गुफा

- दर्शन करने हैं तो पहुंच जाएं जल्दी, मौका है अभी!



**कटरा (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने के लिए हर साल हजारों-लाखों में भीड़ दर्शन करने आती है। भक्तों को फर्क नहीं पड़ता कि किस महीने कितनी गर्मी पड़ रही है और किस महीने कितनी ठंड। जब माता का बुलावा आ जाए, तब भक्त जय कारा लगाते हुए निकल पड़ते हैं। और जो श्रद्धालु पुरानी गुफा के समय वैष्णो देवी पहुंचते हैं, उनके लिए किसी किस्मत से कम नहीं होती यात्रा। शायद इस बार के दर्शन भी किस्मत वाले बन सकते हैं। जी हां, माता वैष्णो देवी की प्राकृतिक गुफा यानी पुरानी गुफा को फिर से खोल दिया गया है। मंगलवार मकर संक्रांति के दिन गुफा को फिर से खोल दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि खास पूजा-पाठ के बाद पुरानी गुफा को एक बार फिर से श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया है। मंदिर के गर्भगृह के अंदर मौजूद प्राकृतिक गुफा को आमतौर पर सर्दी के महीने में ही खोल दिया जाता है, इस दौरान भक्तों की भीड़ कम रहती है। कई भक्त प्राकृतिक गुफा के जरिए मंदिर में दर्शन करने के लिए उत्सुक रहते हैं और ये नजारा इसी दौरान देखने को मिलता है। ये गुफा सुरक्षा कारणों से साल में अधिकतर समय बंद रहती है। बता दें, बहुत ही कम लोगों को प्राचीन गुफा के जरिए माता के दरबार जाने का सौभाग्य मिलता है। 10 हजार से कम श्रद्धालु होने पर इस प्राचीन गुफा के द्वार खोले जाते हैं। आमतौर पर ऐसा दिसंबर और जनवरी और फरवरी के महीने में देखा जाता है। कभी-कभी गुफा मार्च के महीने भी होली से पहले तक भी खोल दी जाती है। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 14 जनवरी से प्राकृतिक गुफा को खोल दिया गया है।

## जकरबर्ग ने की गलती तो मेटा के अफसर ने मांगी माफी

- मोदी सरकार पर गलतबयानी में बुरे फंसे एफबी के संस्थापक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फेसबुक के संस्थापक मार्क जकरबर्ग ने एक पॉडकास्ट में दावा किया कि दुनियाभर में सत्ताधारी दलों को चुनावों में हार मिली है। उन्होंने इस फेहरिश्त में भारत का नाम भी गिना दिया। केंद्रीय सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका फैक्ट चेक कर दिया और कहा कि भारत के संदर्भ में जकरबर्ग का दावा तथ्यात्मक रूप से गलत है। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा कि जकरबर्ग का यह बयान बहुत निराशाजनक है। वैष्णव के इस कड़े विरोध पर मेटा की ओर से सफाई दी गई है। फेसबुक की पैरेंट कंपनी मेटा की भारतीय शाखा में पब्लिक पॉलिसी के वाइस प्रेसिडेंट शिवनाथ ठुकराल ने केंद्रीय मंत्री के पोस्ट का जवाब दिया है। उन्होंने एक्स पर लिखा,प्रिय माननीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, मार्क (जकरबर्ग) का यह अवलोकन कि 2024 के चुनावों में कई मौजूदा दलों की सत्ता में वापसी नहीं हुई, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं।

# देश को 3 नए युद्धपोत मिले, तीनों मेड इन इंडिया

- पहली बार डिस्ट्रॉयर,फ्रिगेट और सबमरीन एक साथ हुए कमीशंड
- मोदी बोले-भारत मैरीटाइम पावर बन रहा है, यह इसकी झलक है

**मुंबई (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन वॉरशिप आईएनएस सूरत (डिस्ट्रॉयर), आईएनएस नीलगिरि (स्टेल्थ फ्रिगेट) और आईएनएस वाघशीर (सबमरीन) को राष्ट्र को समर्पित किए। इन तीनों अल्ट्रा-मॉर्डन वॉर शिप से नेवी की ताकत और बढ़ जाएगी। मोदी ने कहा 15 जनवरी को आर्मी डे के रूप में भी मनाया जाता है। आज भारत की समुद्री विरासत नेवी के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए भी बहुत बड़ा दिन है। छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य दिया था, नया विजन दिया था। आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नेवी को सशक्त करने की तरफ हम एक बहुत बड़ा कदम उठा रहे हैं। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर, फ्रिगेट और सबमरीन को एक साथ कमीशन किया जा रहा है। ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। आज जो प्लेटफॉर्म लॉन्च हुए हैं, उनमें भी इसकी झलक है। नीलगिरी चोल वंश के सामुद्रिक सामर्थ्य के प्रति समर्पित है। सूरत वॉर शिप उस वक्त की याद दिलाता है, जब गुजरात को पोर्ट के जरिए वेस्ट एशिया से जुड़ा था। आज बाघशीर सबमरीन की भी कमीशनिंग हो रही है। कुछ साल पहले पी-75 क्लास के पहली सबमरीन की कमीशनिंग का मौका मिला था। आज इस क्लास की छठी सबमरीन समर्पित कर रहा हूं।



**मेक इन इंडिया के मंत्र से काम कर रहे-** कर्नाटक में देश की सबसे बड़ी हेलीकॉप्टर बनाने वाली फैक्ट्री शुरू हुई। यूपी-तमिलनाडु में बन रहे डिफेंस कॉरिडोर को और गति मिलेगी। नेवी ने भी मेक इन इंडिया अभियान का विस्तार किया है। मझगांव डॉक यार्ड के आप साथियों की भूमिका है। 10 साल में नेवी में 33 शिप्स और 7 सबमरीन को शामिल किया गया। इनमें से 39 भारतीय शिपयार्ड में ही बने हैं। हमारी सेनाओं ने 5 हजार से ज्यादा ऐसे साजोसमान और उपकरणों की लिस्ट तैयार की है, जो अब वे विदेशों से नहीं मंगाएंगे। जब भारत का सैनिक भारतीय साजोसामान के साथ आगे बढ़ता है, तो आत्मविश्वास भी कुछ अलग ही होता है।

### पीएम बोले-हम पूरे विश्व को परिवार मानकर चलते हैं

भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है। ओपन, सिक्योर, इन्क्लूजिव इंडो पैसेफिक रीजन का समर्थन किया है। जब समुद्र से सटे देशों के विकास की बात आई तो भारत ने मंत्र दिया सागर-सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन। जी-20 में कहा कि वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर। कोरोना के वक्त वन वर्ल्ड, वन हेल्थ कहा।

हम पूरे विश्व को परिवार मानकर चलते हैं। बीते कुछ महीनों में हमारी नौसेना ने सैकड़ों जानें बचाई। हजारों करोड़ रुपए के नेशनल और इंटरनेशनल कार्गो की सुरक्षा की है। दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है। भारतीय नौसेना, कोस्टगार्ड पर लगातार भरोसा बढ़ता जा रहा है। आसियान हो, ऑस्ट्रेलिया हो, गल्फ हो, अफ्रीका के देश हों, सबके साथ आज भारत का आर्थिक सहयोग लगातार मजबूत हो रहा है।

# अमेरिकी संसद में प्रस्ताव,जनवरी को तमिल लैंग्वेज मंथ बनाएं

- भारतवंशी सांसद ने पेश किया,भारत विरोधी इल्हान उमर ने भी किया समर्थन

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने जनवरी महीने को तमिल लैंग्वेज और हेरिटेज मंथ के तौर मनाने के लिए मंगलवार को संसद में प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव पेश करने के बाद राजा ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि- एक तमिल अमेरिकी के रूप में, मुझे अमेरिका और दुनिया भर में तमिल भाषा, विरासत और संस्कृति का सम्मान करने वाले इस प्रस्ताव को पेश करने पर गर्व है। पोंगल के मौके पर पेश किए गए इस



प्रस्ताव के समर्थन 14 सांसदों का एक ग्रुप भी राजा के साथ था। समर्थन करने वालों में 5 भारतवंशी सांसद रो खन्ना, अमी बेरा, श्री थानेदार, प्रमिला जयपाल और सुहास सुब्रमण्यम भी शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक प्रस्ताव का समर्थन करने वालों में भारत विरोधी इल्हान उमर भी शामिल भी रहीं। इल्हान कश्मीर के मुद्दे पर भारत विरोधी रुख रखती हैं और पाकिस्तान का समर्थन कर चुकी हैं। इनके अलावा समर्थन करने वालों में सांसद जन निकोल मैलियोटाकिस, येवेट क्लार्क, सारा जैकब्स, डेब्रोआ रॉस, डैनी डेविस, दीना टाइटस, डॉन डेविस और समर ली भी शामिल थे।

इनके अलावा समर्थन करने वालों में सांसद जन निकोल मैलियोटाकिस, येवेट क्लार्क, सारा जैकब्स, डेब्रोआ रॉस, डैनी डेविस, दीना टाइटस, डॉन डेविस और समर ली भी शामिल थे। राजा कृष्णमूर्ति ने संसद में पेश किए प्रस्ताव में बताया कि दुनिया भर में तमिल बोलने वालों की तादाद 8 करोड़ है। इनमें से 3.6 लाख अमेरिकी हैं। राजा ने लिखा कि इन लोगों के पोंगल का त्योहार बेहद खास है।प्रस्ताव में सांसद ने जिक्र किया कि तमिल दुनिया की सबसे पुरानी भाषा है। अमेरिका में तमिल भाषियों से जुड़ी संस्था तमिल अमेरिकन्स यूनाइटेड ने इस प्रस्ताव के लिए राजा कृष्णमूर्ति का धन्यवाद किया। संस्था ने तमिल अमेरिकियों से इस प्रस्ताव को पास कराने में सहयोग करने के लिए कहा है। एक दूसरी संस्था फेडरेशन ऑफ तमिल संगम ऑफ नॉर्थ अमेरिकन ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया।